|| आनो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः ||
''प्रत्येक दिशा से सद्विचार हममें प्रवेश करें''
"LET NOBLE THOUGHTS COME TO US FROM EVERY SIDE"




**B.A.**
**II, III Year**
**&**
**B.Com.**
**II, III Year**

# प्रवेश विवरणिका एवं आवेदन फार्म

स्थापित : जुलाई– 2003
An Associated College of Lucknow University

नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित
Governed by Nagar Nigam Lucknow

# अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज


सुरेन्द्र नगर, (इस्माइलगंज) लखनऊ

**(लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ से सहयुक्त महाविद्यालय)**

**Admission and Application form**


**Website:** www.abvnndc.in, **e-mail:** nndc2003@gmail.com, atalbiharivajpayeenndclko@gmail.com

# तीन कीर्ति स्तम्भ
## जिनकी प्रेरणा से महाविद्यालय को अस्तित्व मिला



**पूज्य श्री अटल बिहारी वाजपेयी**
तत्कालीन प्रधानमंत्री, भारत सरकार



**पूज्य श्री लाल जी टण्डन**
तत्कालीन नगर विकास मंत्री, उ0प्र0



**पूज्य श्री डा0 एस0 सी0 राय**
तत्कालीन महापौर, लखनऊ



**श्रीमती संयुक्ता भाटिया**
मा0 महापौर लखनऊ नगर निगम/अध्यक्षा



**डॉ. सुभाष चन्द्र पाण्डेय**
प्राचार्य



**श्री अजय कुमार द्विवेदी**
**आई.ए.एस.**
प्रबन्धक/नगर आयुक्त

# प्राचार्य की कलम से...

**अभिभावकों से**

**प्रिय महोदय/महोदया,**

यह हमारी और आपकी संयुक्त वचनबद्धता है साथ ही गम्भीर उत्तरदायित्व भी है कि महाविद्यालय में ज्ञानार्जन के लिये प्रवेश प्राप्त करने वाले आपके पाल्य सुसंस्कृत, अनुशासित योग्य और सुशिक्षित नागरिक बन सकें।

**आइये हम और आप सामूहिक रूप से निम्नलिखित दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें और करायें :-**

1. प्रवेश हेतु सूची में नाम आ जाने के बाद निर्धारित समय सीमा के अन्दर अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर समस्त मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराने के बाद निर्धारित शुल्क सम्बन्धित शुल्क काउंटर पर जमा करे एवं उसकी रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। किसी भी दशा में अभिभावक के अकेले आने पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
2. प्रवेश हो जाने के पश्चात् महाविद्यालय कार्यालय से परिचय-पत्र एवं पुस्तकालय कार्ड अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें एवं महाविद्यालय द्वारा ड्रेस कोड में ही अपनी कक्षाओं में नियमित रूप से आयें।
3. प्राक्टर एवं विषय अध्यापक द्वारा मांगे जाने पर परिचय-पत्र अवश्य दिखायें एवं अनुशासन सम्बन्धी नियमों का कड़ाई से पालन करें।
4. आपके पाल्य की कक्षा में उपस्थिति 75% से कम होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी और न ही छात्रवृत्ति फॉर्म अग्रसारित किया जायेगा इस नियम का छात्र/छात्रायें एवं उनके अभिभावक कड़ाई से पालन करे।
5. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित होते ही निर्धारित समय सीमा के अन्दर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म पूरित कर परीक्षा शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा करें एवं परीक्षा फॉर्म जमा प्राप्ति रसीद सम्बन्धित लिपिक से अवश्य प्राप्त कर लें।
6. प्रवेश, पाठ्यक्रम एवं परीक्षा सम्बन्धी जो भी दिशानिर्देश शासन या विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत किये जायेंगे महाविद्यालय उन्हीं निर्देशों का पालन करेगा।
7. प्रवेश विवरणिका में दिये गये प्रवेश, यूनीफार्म, पुस्तकालय अनुशासन,खेलकूद एवं कार्यालय सम्बन्धी स्थायी दिशानिर्देशों का अध्ययन करें और उसी के अनुरूप अध्ययन में प्रवृत्त हों।
8. विभागवार समय सारणी का अवलोकन कर कक्षाओं में शत् प्रतिशत अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

**डॉ० सुभाष चन्द्र पाण्डेय**
प्राचार्य

**विशेष: बी०ए० एवं बी० काम० प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सामान्य तथा अन्य पिछड़े वर्ग के इण्टरमीडिएट परीक्षा में 40% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी तथा अनुसूचित जाति/जन जाति के 36% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।**

# महाविद्यालय का इतिहास एवं संगठन
# History and Organization of the College

उच्च शिक्षा जगत के अन्तर्गत कला, वाणिज्य एवं विज्ञान के क्षेत्र में प्रचार–प्रसार एवं राष्ट्र के नव निर्माण में योगदान के लिये सुयोग्य नागरिकों का निर्माण करने के उद्देश्य से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न परम् श्रद्धेय स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में उनकी प्रेरणा से तत्कालीन नगर विकास मंत्री श्री लाल जी टण्डन जी उ०प्र० सरकार, तत्कालीन महापौर पदम श्री डॉ०एस०सी० राय जी व तत्कालीन नगर आयुक्त कैप्टन एस०के० द्विवेदी के सद् प्रयासों से नगर निगम डिग्री कालेज की स्थापना वर्ष 2003 में हुयी। शैक्षिक सत्र 2003–04 में लखनऊ विश्वविद्यालय से कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी, अग्रेंजी, राजनीति विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, अर्थशास्त्र, व मध्यकालीन भारतीय इतिहास सहित 09 महत्वपूर्ण विषयों में सम्बद्धता के साथ 05 शिक्षकों एवं 59 छात्र–छात्राओं के पंजीकरण द्वारा महाविद्यालय ने अपने प्रथम शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ अमीनाबाद इण्टर कालेज परिसर से किया। इसी परिसर में वर्ष 2007–08 से कला विषय में उर्दू, अरब कल्चर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं वाणिज्य विषय का प्रारम्भ 02 शिक्षकों एवं 58 छात्र/छात्राओं से किया गया। जुलाई 2003 से जून 2010 तक यह महाविद्यालय अमीनाबाद इण्टर कालेज परिसर से संचालित हुआ एवं 08 वर्ष की यात्रा में क्षेत्र के सर्वोत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में अपनी कीर्ति स्थापित की।

जुलाई 2010 में तत्कालीन महापौर व वर्तमान उपमुख्यमंत्री उ०प्र० सरकार, माननीय डॉ० दिनेश शर्मा की संकल्पना साकार हुयी, उनके अथक प्रयासों से जुलाई 2010 में महाविद्यालय अपने निजी भवन सुरेन्द्रनगर (इस्माइलगंज) अयोध्या राजमार्ग (नये हाईकोर्ट के सामने) लखनऊ स्थानांतरित कर दिया गया। यहीं से शैक्षिक सत्र 2010–11 की शुरूआत हुयी। वर्तमान में महाविद्यालय अपने निजी भवन से ही संचालित हो रहा है। वर्तमान में कला व वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत 650 छात्र–छात्राओं, 18 शिक्षकों व अतिथि शिक्षकों के माध्यम से महाविद्यालय का शैक्षिक वातावरण उत्कृष्ट श्रेणी का बनाया गया है। विगत सत्रह वर्षो में अच्छे शैक्षिक वातावरण, शत–प्रतिशत उत्कृष्ट परीक्षाफल एवं शिक्षणेत्तर क्रिया कलापों की प्रमुखता ने महाविद्यालय को लखनऊ जनपद में अपनी विशिष्ट पहचान दिलायी है।

### प्रबन्धतंत्र (Management)

अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज, सुरेन्द्र नगर, अयोध्या रोड, लखनऊ नगर निगम लखनऊ द्वारा पोषित एवं संचालित है, महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र के रूप में माननीय महापौर (पदेन) श्रीमती संयुक्ता भाटिया जी की संरक्षक के रूप में महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में महती भूमिका रहती है। माननीय नगर आयुक्त प्रारम्भ से ही इस महाविद्यालय के पदेन प्रबन्धक हैं एवं अपर नगर आयुक्त शिक्षा इसके पदेन सह प्रबन्धक हैं। वर्तमान में श्री अजय कुमार द्विवेदी (आई0ए0एस0) इस संस्था के प्रबन्धक एवं श्री यमुनाधर चौहान (पी०सी०एस०) इस संस्था के सह–प्रबन्धक हैं। आपके मार्ग निर्देशन एवं नेतृत्व में महाविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

## नगर निगम डिग्री कॉलेज को मिला अटल बिहारी वाजपेयी जी का नाम
## Nagar Nigam Degree College renamed after Shri Atal Bihari Vajpayee ji

अगस्त 2018 में परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति को चिर स्थायी स्वरूप देने के पुनीत उद्देश्य से माननीय महापौर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया जी द्वारा महाविद्यालय का नाम ''अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज'' कर दिया गया। महापौर जी की इच्छा है कि महाविद्यालय का विकास तीव्र गति से हो। विकास के लिए संसाधनों की कमी नही होने दी जायेगी।

वर्तमान में महाविद्यालय के मुख्य द्वार का नव निर्माण महापौर निधि से कराया जा रहा है, विकास की इस कड़ी में नया प्रशासनिक भवन, बहुउद्देशीय सभागार, परास्नातक कक्षाओं के लिये 10 कक्षों का पी०जी० ब्लॉक, रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि विकास कार्य शीघ्र ही कराये जायेंगे तथा महापौर जी ने आश्वासन दिया कि महाविद्यालय का बजट उत्तरोत्तर बढ़ाया जायेगा। प्रबन्धतंत्र का सपना है कि आगामी सत्र से महाविद्यालय में नवीन पाठयक्रम विज्ञान विषय सहित कला एवं वाणिज्य विषयों में परास्नातक कक्षायें प्रारम्भ की जायें। प्रबन्धतंत्र के इस स्वप्न को साकार करना महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिकता है।

**अल्प शिक्षण शुल्क के साथ उच्च शिक्षा का प्रसार**

**Extension of Higher education with low Tuition Fees**

महाविद्यालय लखनऊ नगर निगम द्वारा पोषित जनपद का उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक मात्र महाविद्यालय है। प्रशासन एवं प्रबन्धतंत्र की प्राथमिकता है कि सभी वर्गों के आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का पूर्ण अवसर मिले। क्षेत्र का कोई भी आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवार के पाल्य उच्च शिक्षा से वंचित न रहे, इस उद्देश्य से स्नातक स्तर पर बी०ए० एवं बी०कॉम० का शिक्षण शुल्क क्रमशः रु० 6500/– एवं रु० 8500/– रखा गया है (जिसमें रु0 500/– शिक्षणेत्तर गतिविधियों हेतु)। प्रवेश आवेदन विवरणिका का शुल्क भी रु० 200/– है जोकि लखनऊ विश्वविद्यालय के 176 सहयुक्त महाविद्यालयों में सबसे कम है। इसके साथ ही अति निर्धन छात्र–छात्राओं की पहचान करके उन्हे पूर्ण शिक्षण शुल्क से मुक्ति दी जाती है।

बी०ए० प्रथम वर्ष में 160 सीट व बी०काम० प्रथम वर्ष में 80 सीटों पर प्रवेश दिये जाते है। बी०ए० में आरक्षण नियमों के मानक को ध्यान में रखकर इण्टरमीडिएट में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त उत्तीर्ण आवेदक को तत्काल प्रवेश दे दिया जाता है। बी०काम० प्रथम वर्ष में सीमित 80 सीट होने से प्रवेश इण्टरमीडिएट प्राप्तांक प्रतिशत की मेरिट बनाकर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त केन्द्र/राज्य सरकार के शासनादेश के क्रम में आर्थिक रूप से पिछड़े (EWS) श्रेणी से भी कुल सीटों के सापेक्ष 10 प्रतिशत सीटों पर भी प्रवेश किये जाते है।

ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत सभी विभागों के प्राध्यापकों द्वारा गूगल मीट/जूम क्लास एप 'वर्क फ्रॉम होम' के अन्तर्गत बनाये गये हैं। वीडियो, ई–कन्टेन्ट्स, पी0डी0एफ0 फाइल व ल०वि०वि० व यू०जी०सी० ई कंटेन्ट्स से भी महाविद्यालय की वेबसाइट को लिंक किया गया है, जिससे छात्र–छात्राओं को ज़्यादा से ज्यादा विकल्प मिल सकें।

शिक्षणेत्तर गतिविधियों के अन्तर्गत सभी विषयों की शैक्षिक परिषद बनायी गयी है, जिनके माध्यम से जनरल अवेयरनेस कार्यक्रम, क्विज इवेन्ट्स, निबन्ध लेखन, कहानी लेखन, वाद–विवाद, कार्ड एवं पोस्टर मेंकिग, फेस पेंन्टिग, सम–सामयिक विषयों घटनाओं पर नुक्कड़ नाटक, एकल व समूह गान व नृत्य, स्टेज ड्रामा, राष्ट्रीय महत्वों के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण आदि कराये जाते हैं। राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा छात्र–संसद भी आयोजित की जाती है। महाविद्यालय में प्रारम्भ से ही सहशिक्षा व्यवस्था है, इण्डोर, आउटडोर गेम्स, कॉमन गर्ल्स रूम, कॉमन बॉयज रूम, बालिकाओं के लिये ताईक्वाडों एवं जिम की सुविधा भी अतिशीघ्र परिसर में उपलब्ध करायी जायेगी।

**महाविद्यालय की नवीनीकृत वेबसाइट का मा0 महापौर जी द्वारा उद्घाटन:**

**Inauguration of the College's updated website by Hon'ble Mayor:**

वेबसाइट किसी भी महाविद्यालय का दर्पण होती है। इस उद्देश्य से मा0 महापौर जी के निर्देशानुसार महाविद्यालय की वेबसाइट को नवीनीकृत स्वरूप देते हुए समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों के शुभ संदेशों के द्वारा इस महाविद्यालय की वेबसाइट का शुभारम्भ भी नवम्बर 2020 में मा0 महापौर जी के कर–कमलों द्वारा किया गया है। वर्तमान में महाविद्यालय की वेबसाइट www.abvnndc.in है।

वर्तमान सत्र 2020–21 में 08 जुलाई 2020 को नियमित प्राचार्य के कार्यभार ग्रहण करने के बाद महाविद्यालय में पूर्व 17 वर्षों से संचालित बी0ए0 एवं बी0 कॉम0 पाठ्यक्रमों की स्थायी मान्यता हेतु मा0 महापौर जी एवं महाविद्यालय के प्रबन्धक / नगर आयुक्त श्री अजय कुमार द्विवेदी जी के सतत् प्रयासों के फलस्वरूप लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित उक्त दोनों पाठ्यक्रमों की स्थायी मान्यता की संस्तुति लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की कार्य परिषद द्वारा दिनांक 30 दिसम्बर 2020 को कर दी गयी।

**माननीय महापौर जी की प्रेरणा से पूर्व छात्र परिषद का हुआ गठन :**
**Alumni Council was formed under the inspiration of Hon'ble Mayor:**

महाविद्यालय में अध्ययन पूर्ण कर चुके ऐसे छात्र–छात्राओं को जो अब विभिन्न सरकारी, लोक एवं निजी उपक्रमों के साथ अपने स्वयं के व्यवसाय एवं पेशे में कार्य कर रहे हैं, का योगदान महाविद्यालय के हित में प्राप्त करने के लिए एवं उन्हें महाविद्यालय से जोड़े रखने के लिए वर्तमान सत्र 2020–21 में पूर्व छात्र परिषद का गठन किया गया है। इस परिषद के माध्यम से पूर्व छात्र महाविद्यालय के स्थापना दिवस, मेधावी / प्रतिभा अभिनन्दन समारोह में प्रतिभागिता संस्कृति बोध एवं जीवन मूल्यों के कार्यक्रम, पर्यावरण एवं स्वच्छता कार्यक्रम एवं विभिन्न राष्ट्रीय पर्वों पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को करने के लिए महाविद्यालय से जोड़ा जा रहा है। पूर्व छात्रों में जो उच्च पदों पर आसीन हों, उन्हें महाविद्यालय के विकास के लिए स्वेच्छा से अंशदान करने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। उक्त परिषद में पूर्व छात्र–छात्राओं का पंजीकरण न्यूनतम शुल्क रू० 100 / – लेकर निर्धारित फार्म भरवा कर किया जाता है, जिसकी रसीद उनको तत्काल प्राप्त करा दी जाती है।

मा० नगर विकास मंत्री जी एवं मा० महापौर जी के विशेष प्रयास से महाविद्यालय में विद्युत आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए वर्तमान सत्र 2020–21 में 250 किलोवॉट का ट्रांसफार्मर लगवाया गया। अब महाविद्यालय परिसर में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति रहने से विद्यालय के कार्य प्रभावित नही होगें।

**कर्मयोगी व्यवस्था के अन्तर्गत डिग्री कॉलेज के छात्रों को नगर निगम की नौकरियों में मिलेगी प्राथमिकता :**
**Under Karmayogi system, Degree College students will get priority in Municipal Corporation jobs:**

अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज के शिक्षा पूर्ण कर चुके छात्र–छात्राओं को लखनऊ नगर निगम में विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत नौकरियों में प्राथमिकता दी जायेगी ऐसा आश्वासन मा0 महापौर जी द्वारा दिया गया है जिससे यहां के छात्र–छात्राओं में अध्ययन् के प्रति अभिरूचि बढ़ेगी।

**स्नातक अध्ययन के विषय :**
**Subjects of Graduation:**

1. **महाविद्यालय में अध्ययन के लिए बी०ए० प्रथम वर्ष में निम्न विषय उपलब्ध है–**

| | |
|---|---|
| 1. हिन्दी | Hindi |
| 2. अंग्रेजी | English |
| 3. इतिहास | History |
| 4. शिक्षाशास्त्र | Education |
| 5. अर्थशास्त्र | Economics |
| 6. राजनीतिशास्त्र | Political Science |
| 7. अरब कल्चर | Arab Culture |
| 8. प्राचीन भारतीय इतिहास | Ancient Indian History |
| 9. उर्दू | Urdu |

| समूह ए | समूह बी |
|---|---|
| हिन्दी | अर्थशास्त्र |
| अंग्रेजी | शिक्षाशास्त्र |
| उर्दू | इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास/अरब कल्चर |
| | राजनीति विज्ञान |

**बी०ए० प्रथम वर्ष में विषय चयन (कोर्स अवधि – 04 वर्ष)**

**Subject Selection in B.A - I$^{st}$ year (Duration of course - 04 year)**

नोट–

1. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा स्नातक स्तर पर सत्र 2021–22 से नई शिक्षा नीति 2020 को लागू कर दिया गया है। जिसके अनुसार स्नातक स्तर प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर पूर्ण करने पर सार्टिफिकेट प्रमाण पत्र, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर पूर्ण करने पर डिप्लोमा का प्रमाण पत्र, पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर पूर्ण करने पर डिग्री, सप्तम एवं अष्ठम सेमेस्टर पूर्ण करने पर डिग्री विद् रिसर्च का प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।
2. प्रत्येक अभ्यर्थी को समूह 'ए' तथा समूह 'बी' में से एक–एक विषय लेना अनिवार्य है। तीसरा विषय किसी भी समूह से ले सकते है।
3. बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं को तीन विषयों का चयन करना होगा। उनमें से प्रथम विषय मेजर 1 एवं द्वितीय विषय मेजर 2 तथा तृतीय विषय माइनर होगा। इसके साथ ही प्रथम सेमेस्टर में एक विषय सह–पाठ्यक्रम कोर्स (Co-curricular - CC1) एवं द्वितीय सेमेस्टर में एक विषय वोकेशनल कोर्स (Vocational Course - VC1) का लेना अनिवार्य है।

| Co-curricular - CC1 | Vocational Course - VC1 |
|---|---|
| Badminton | Financial Literacy and Banking |
| Kho-Kho | Computer Application and Data Management |
| Kabaddi | Counselling and Guidance |
| Chess | |
| Communication Skills | |

4. समूह–ए एवं समूह – बी तालिका में से कोई तीन विषय बी०ए० प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर एवं द्वितीय सेमेस्टर) हेतु चुनने होंगें जिनमें मेजर 1, मेजर 2 एवं माइनर विषयों का आवंटन सीटों की उपलब्धता के आधार किया जायेगा।
5. बी०ए० प्रथम वर्ष में चयनित विषयों में छात्र–छात्राओं को माइनर विषय का अध्ययन चतुर्थ सेमेस्टर तक करना होगा, मेजर 2 विषय का अध्ययन षष्ठम सेमेस्टर तक करना होगा एवं मेजर 1 विषय का अध्ययन अष्ठम सेमेस्टर तक करना होगा।
6. विषय का आवंटन उपलब्ध सीट तथा मेरिट के आधार पर ही किया जायेगा।
7. इण्टरमीडिएट गणित विषय के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र विषय आवंटित किया जायेगा।
8. बी०ए० एवं बी०काम० प्रथम वर्ष छात्र/छात्राओं को सेमेस्टर परीक्षा देनी होगी, जिसमें (05 अंक उपस्थिति + 10 अंक प्रोजेक्ट + 10 अंक कक्षा में प्रस्तुतिकरण) प्रत्येक प्रश्नपत्र 25 अंक आन्तरिक एवं 75 अंक वाह्य आधार पर विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) में लिखित परीक्षा तथा सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर) में बहुविकल्पीय परीक्षा होगी।

## बी०ए० द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष

## (B.A II$^{nd}$Year & III$^{rd}$ Year)

1. बी०ए० द्वितीय वर्ष (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के छात्र/छात्राओं को बी०ए० प्रथम वर्ष के अध्ययन किये सभी विषय लेने होगें। जिनमें मेजर 1, मेजर 2 एवं माइनर विषय वही रहेंगे। इसके साथ ही तृतीय सेमेस्टर में एक विषय सह–पाठ्यक्रम कोर्स (Co-curricular – CC2) एवं चतुर्थ सेमेस्टर में एक विषय वोकेशनल कोर्स (Vocational Course – VC2) का लेना अनिवार्य है।

2. बी०ए० तृतीय वर्ष (पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर) के छात्र/छात्राओं को बी०ए० द्वितीय वर्ष के अध्ययन किये गये तीन विषयों में से दो विषय लेने होगें।

## बी०काम० प्रथम वर्ष में विषय चयन (कोर्स अवधि – 04 वर्ष)

## Subject Selection in B.COM - I[st] Year (Duration of course - 04 year)

1. बी०काम० प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) के छात्र–छात्राओं को प्रथम सेमेस्टर में अन्य विषयों के साथ एक विषय सह–पाठ्यक्रम कोर्स (Co-curricular - CC1) एवं द्वितीय सेमेस्टर में अन्य विषयों के साथ एक विषय वोकेशनल कोर्स (Vocational Course - VC1) का लेना अनिवार्य है।

| Co-curricular - CC1 | Vocational Course - VC1 |
|---|---|
| Badminton | Financial Literacy and Banking |
| Kho-Kho | Computer Application and Data Management |
| Kabaddi | Counselling and Guidance |
| Chess | |
| Communication Skills | |

2. बी०काम० द्वितीय वर्ष (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि तृतीय सेमेस्टर में भी अन्य विषयों के साथ एक विषय सह–पाठ्यक्रम कोर्स (Co-curricular – CC2) एवं चतुर्थ सेंमेस्टर में अन्य विषयों के साथ एक विषय वोकेशनल कोर्स (Vocational Course – VC2) का लेना अनिवार्य है।

## B.COM. COURSE STRUCTURE (SEMESTER WISE)

**I[st] Year**

| | Semester-I[st] (NEP-2020) | | Semester-II[nd] (NEP-2020) |
|---|---|---|---|
| 1 | Financial Accounting | 1 | Company Accounting |
| 2 | Business Organisation | 2 | Business Regulatory Framework |
| 3 | Micro Economics | 3 | Public Finance |
| 4 | Currency, Banking and Exchange | 4 | Business Communication |
| 5 | Essentials of Management | 5 | Selling and Advertising |
| 6 | Co-curricular course I | 6 | Vocational Course I |
| | **II[nd] Year** | | |
| | **Semester-III[rd] (NEP-2020)** | | **Semester-IV[th] (NEP-2020)** |
| 1 | Business Finance | 1 | Cost Accounting |
| 2 | Statistical Methods | 2 | Contemporary Audit |
| 3 | Banking Operations | 3 | Foreign Trade of India |
| 4 | Managing Human Resources | 4 | Macro Economics |
| 5 | Information Systems and E-Business | 5 | Institutional Framework for Business |
| 6 | Co-curricular Course II | 6 | Vocational Course II |
| | **III[rd] Year** | | |
| | **Semester-V[th]** | | **Semester-VI[th]** |
| 1 | Goods and Services Tax (GST) | 1 | Income Tax Law and Accounts |
| 2 | Labour Welfare Laws | 2 | Principles and Practice of Insurance |
| 3 | Macro Economics | 3 | Applied and Business Statistics |
| 4 | Indian Economy | 4 | Economics of Public Enterprises |
| 5 | Institutional Framework for Business | 5 | Company Law and Secretarial Practice |
| 6 | Business Operations | 6 | Fundamentals of Entrepreneurship & Project Planning |
| | | 7 | Comprehensive Viva-voce |

# प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक निर्देश
## Important Admission Instructions

इस विवरण पुस्तिका का मूल्य रू 200.00 है। प्रवेश विवरणिका महाविद्यालय कार्यालय के काउन्टर से नकद भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। तदुपरान्त प्राप्त कोड से (जो विवरण पुस्तिका पर उल्लिखित है) वेबसाइट पर जाकर फार्म भर कर सबमिट करना होगा। वे छात्र/छात्रा जो ऑनलाइन फार्म भरना चाहते है (abvnndc.in/OnlineAdmissionForm.aspx) पर रजिस्ट्रेशन कर फार्म भर सकते है।

1. विवरण पुस्तिका अभ्यर्थी के मार्गदर्शन के लिये है। फार्म भरने से पूर्व उसका अध्ययन भली–भाँति अवश्य कर लें। पुस्तिका फार्म के साथ जमा करें।
2. आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक भरें। किसी भी गलत प्रविष्टि का उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा। अपूर्ण अथवा गलत भरे गये प्रवेश फार्म निरस्त कर दिये जायेंगे।
3. प्रवेशार्थी को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए महाविद्यालय के निर्धारित आवेदन–पत्र पर ही आवेदन करना होगा। आवेदन–पत्र निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय कार्यालय में अवश्य जमा कर दें। आवेदन–पत्र के साथ मूल अंक तालिकायें अथवा किन्ही अन्य मूल प्रपत्रों को कदापि संलग्न न करें। डाक द्वारा भेजे गये आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन–पत्र के साथ हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा की अंकतालिकाओं की सत्यापित छाया प्रतियाँ अवश्य संलग्न करें, अन्यथा आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन–पत्र जमा करने की पावती/रसीद अवश्य प्राप्त कर लें।
4. अभ्यर्थी द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्र की जाँच के उपरान्त मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया पूरी की जायेगी।
5. केवल आवेदन पत्र जमा करने मात्र से ही प्रवेश सुनिश्चित नहीं होगा।
6. मेरिट सूची इण्टरमीडिएट/स्नातक के प्राप्तांकों के आधार पर बनाई जायेगी। 2022, 2021, 2020, 2019, व 2018 में इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के आवेदन पर ही विचार किया जायेगा। इसके पूर्व के वर्षों में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं के आवेदन पर किसी भी दशा में विचार नहीं होगा। उत्तीर्ण वर्ष के संबंध में ल०वि०वि० की प्रवेश समिति का निर्णय मान्य होगा।
7. प्रवेश से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं के लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय सूचना–पट देखते रहें एवं महाविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें। किसी भी अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से सूचित करने का दायित्व महाविद्यालय का नहीं होगा।
8. प्रवेश के समय निम्नलिखित अभिलेख (प्रथम) अनिवार्यतः प्रस्तुत करने होंगे।

    अ. पासपोर्ट आकार के नवीनतम स्वयं के चित्र की 3 प्रतियाँ।

    ब. हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट एवं आवश्यकतानुसार स्नातक की अंकतालिकाओं और प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतिलिपियां एवं स्व प्रमाणित प्रत्येक की दो–दो छाया प्रतियाँ।

    स. अन्तिम संस्था के प्राचार्य/संस्था द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति निर्धारित मेरिट सूची में नाम आ जाने के बाद शुल्क महाविद्याालय कार्यालय में सम्बन्धित लिपिक के पास नकद जमा करना होगा एवं तत्काल शुल्क जमा प्राप्ति रसीद भी प्राप्त कर लें।

    द. अन्तिम संस्था के प्राचार्य/संस्था प्रमुख द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र की प्रति ।

य. व्यक्तिगत प्रवेशार्थियों के लिए केन्द्र प्रमाण–पत्र तथा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा और चरित्र प्रमाण–पत्र मूल रूप से मजिस्ट्रेट / राजपत्रित अधिकारी से प्राप्त करना होगा।

र. नोटरी से अंतर वर्ष (Gap year) हलफनामा (Affidavit) लगाना होगा।

ल. प्रवेश के समय फार्म जमा रसीद लाना अनिवार्य होगा।

व. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।

9. एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में न तो वापस किया जायेगा और न तो स्थानान्तरित। अतः अभ्यर्थी को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह वरीयता सूची में आ गया है और सही शुल्क जमा कर रहा है।

10. समय से वांछित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत न करने पर व निर्धारित तिथि तक प्रवेश बैंक ड्राफ्ट द्वारा या चालान द्वारा शुल्क जमा न करने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी के प्रवेश का अधिकार स्वतः निरस्त हो जायेगा और उसके स्थान पर योग्यता सूची में अगले अभ्यर्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा।

11. प्रवेश के समय छात्र जैसे ही देय धन राशि अदा करेगा, प्रवेश–संख्या अंकित कर उसका प्रवेश सुनिश्चित कर लिया जायेगा। उसके बाद उसको फोटो युक्त, फीस रसीद एवं परिचय पत्र दिया जायेगा।

12. इस शिक्षण संस्थान में पढ़ रहे छात्र / छात्रा इस महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं के अभिभावक के रूप में स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

13. बी.ए / बी.कॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अनिवार्य है कि अभ्यर्थी ने उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद / केन्द्रीय बोर्ड की इण्टरमीडिएट / 10+2 परीक्षा वाणिज्य विषय के रूप में लिया हो एवं सभी विषयों के पूर्ण योग के कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों परन्तु अनुसूचित जाति / जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए पूर्ण योग के प्राप्तांक 36 प्रतिशत होना चाहिये।

14. प्रत्येक अभ्यर्थी का यह दायित्व है कि वह महाविद्यालय में निर्धारित तिथि व समय तक अपना आवेदन पत्र जमा करके सम्बन्धित व्यक्ति से रसीद प्राप्त कर लें। यदि रसीद मिलने में कोई असुविधा हो रही हो तो तत्काल प्राचार्य से सम्पर्क करें।

15. जो छात्र / छात्रा कला स्नातक या वाणिज्य स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। उन्हे पुनः स्नातक कक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। (विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 2554 / 2000 दिनांक 2.8.2000 के अनुसार)।

16. जो छात्र महाविद्यालय के बी.कॉम. एव बी.ए. के प्रथम, द्वितीय वर्ष में पढ़ रहे हैं अथवा उत्तीर्ण कर चुके हैं उन्हें संकाय बदलने की अनुमति नहीं होगी।

17. वार्षिक / सेमेस्टर परीक्षा फार्म प्रवेश के समय आवेदन पत्र के साथ या जब विश्वविद्यालय निर्धारित करेगा तब प्रत्येक छात्र / छात्रा लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ परीक्षा फार्म व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय कार्यालय में जमा करेगा / करेगी तथा परीक्षा फार्म जमा करने की रसीद सम्बन्धित लिपिक से तुरन्त अवश्य प्राप्त करें। यदि कोई असुविधा हो रही है तो प्राचार्य को तत्काल अवगत करायें और तब तक महाविद्यालय में बने रहें जब तक फार्म जमा करने की रसीद प्राप्त न हो जाये। वार्षिक / सेमेस्टर परीक्षा फार्म जमा किये गये बच्चों की सूची या न जमा किये गये छात्र / छात्राओं की सूची सूचना पट्ट पर चस्पा की जायेगी। किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल प्राचार्य को लिखित में अवगत करायें जिससे परीक्षा के समय आपको कोई असुविधा न हो।

**नोटः–1.** जिस विद्यार्थी का किसी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से निष्कासन हो गया है, इस महाविद्यालय में उसके प्रवेश पर विचार नहीं किया जा सकेगा। यदि किसी छात्र / छात्रा ने धोखे से निष्कासन के तथ्य को छिपाकर प्रवेश पा लिया, तो जैसे ही तथ्य प्रकाश में आता है तत्काल उसका इस महाविद्यालय से निष्कासन कर दिया जायेगा। इसी प्रकार, यदि किसी छात्र के विरूद्ध किसी अदालत में कोई अपराधिक मामला चल रहा है तो उसे प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

2. आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट और आवश्यकतानुसार स्नातक की अंकतालिकाओं की सत्यापित छाया प्रतियां अवश्य संलग्न करें। अन्यथा आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। ये प्रतियां स्वयं सत्यापित होनी चाहिए।
3. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम वर्ष के लिये अधिकतम 160 सीट एवं बी०कॉम० प्रथम में प्रवेश की 80 सीटें निर्धारित की गयी हैं
4. वरीयता सूची में अभ्यर्थी का नाम जाने पर प्रवेश के समय सम्बन्धित अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य ह्‌A
5. न्यूनतम अर्हता न रखने वाले अभ्यर्थी का प्रवेश यदि त्रुटिवश हो गया है तो जैसे ही संज्ञान में आयेगा उसका प्रवेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जायेगा।

**आरक्षण/भारण :**

**(Reservation / Weightage):**

बी.ए. / बी.कॉम. में प्रवेश के लिये उपलब्ध कुल स्थानों पर 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति के 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के तथा 27 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित है। उक्त आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिये अभ्यर्थी को जिलाधिकारी / सिटी मजिस्ट्रेट / परगना मजिस्ट्रेट / तहसीलदार अथवा समाज कल्याण अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छाया प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करनी होगी तथा प्रवेश के समय मूल प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन–पत्र में अपनी निम्नलिखित श्रेणी संख्या नियमानुसार अंकित करें।

**अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु निम्न तालिकानुसार भारण प्रदान किया जायेगा :–**

| श्रेणी | श्रेणी संख्या | भारण अंक | मान्य प्रमाण–पत्र |
|---|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 01 | – | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत प्रमाण–पत्र |
| अनुसूचित जनजाति | 02 | – | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत प्रमाण–पत्र |
| अन्य पिछड़े वर्ग (ओ.बी.सी) | 03 | – | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत प्रमाण–पत्र |
| उत्कृष्ट खिलाड़ी | 04 | 05 | किसी प्रदेश अथवा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मान्यता प्राप्त खेलकूद प्रतिस्पर्धा में भागीदारी का प्रमाण–पत्र |
| विकलांग | 05 | 05 | जनपद के जिलाधिकारी / सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र |
| स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,के पुत्र / पुत्री / पौत्र, अविवाहित पौत्री | 06 | 05 | जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र |
| एन.सी.सी. | 07 | 05 | "बी" प्रमाण–पत्र |
| ल.वि.वि. सहयुक्त महाविद्यालयों कर्मचारियों के पुत्र / पुत्री | 08 | 10 | कुल सचिव / संबधित प्राचार्य द्वारा शिक्षकों एवं प्रदत्त प्रमाण–पत्र |
| नगर निगम के अन्तर्गत संचालित सभी शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत | 09 | 10 | संबन्धित प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र |
| सामान्य | 10 | – | शिक्षकों एवं कर्मचारियों के पुत्र / पुत्री |

अभ्यर्थी उपरोक्त आरक्षण एवं भारण श्रेणी का लाभ ले सकता है। आरक्षण अथवा भारण की सुविधा प्राप्त करने के लिये आवेदक अपनी पात्रता के वांछित प्रमाण–पत्र की छाया–प्रति आवेदन पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें तथा आवेदन–पत्र में अपनी श्रेणी संख्या भी अंकित करें अन्यथा उन्हें आरक्षण अथवा भारण का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

**नोट**: संस्था के व्यापक हितों कों ध्यान में रखते हुये प्राचार्य को किसी भी छात्र / छात्रा के प्रवेश को अस्वीकृत व निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

## यूनीफार्म (Uniform)

**सभी छात्र/छात्राओं को यूनीफार्म में आना अनिवार्य है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **छात्राओं हेतु :–** | | | |
| **(FOR GIRLS)** | कुर्ता | – | नेवी ब्लू (Navy Blue) |
| | सलवार | – | सफेद (White) |
| | दुपट्टा | – | सफेद (White) |
| **छात्र हेतु :–** | | | |
| **(FOR BOYS)** | शर्ट | – | सफेद (White) |
| | पैंट | – | काली (Black) |

**नोट:–**
- छात्राओं के लिए निर्देश है कि कुर्ता घुटने तक (Knee Length) होना चाहिए।
- चूड़ीदार / लैगिंग (Legging) पहनना पूर्णतया प्रतिबन्धित है।
- छात्रों के लिए Low Waiste, पैंट / Jeans पूर्णतया प्रतिबन्धित है।

### छात्रवृत्ति (Scholarship):

अनुसूचित जाति / जनजाति छात्रवृत्ति, पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रवृत्ति, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति, छात्र कल्याण निधि सहायता, आदि विभिन्न छात्रवृत्तियों हेतु सूचना नोटिस बोर्ड पर दी जाती है। छात्र / छात्राएं निर्दिष्ट तिथियों पर प्रमाण–पत्रों सहित आवेदन पत्र जमा करें उन्ही छात्र / छात्राओं का आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा अग्रसारित होगा, जिनकी उपस्थिति कक्षावार / विषयवार 75 प्रतिशत से अधिक होगी। अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र, छात्रवृत्ति, फार्म तथा उसके साथ मूल जाति एवं आय प्रमाण–पत्र के साथ अवश्य जाँच लें अन्यथा छात्रवृत्ति का उत्तर दायित्व महाविद्यालय का नहीं होगा। साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित कर लें कि छात्रवृत्ति फार्म जमा करते समय किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का अकाउन्ट नं. अवश्य लिखें क्योंकि आपकी छात्रवृत्ति आपके खाते में सीधे शासन द्वारा भेजी जायेगी।

### सूचनाओं का प्रदर्शन (Display of Notifications):

महाविद्यालय, और विश्वविद्यालय और अन्य गतिविधियों से सम्बन्धित सूचनाएं महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाती है एवं महाविद्यालय के सूचना पट् पर प्रदर्शित की जाती है। छात्र / छात्रायें उन सूचनाओं को अवश्य पढ़े तथा समस्त निर्देशों का पालन करें।

### क्रीड़ा एवं अन्य शिक्षणेत्तर कार्यक्रम (Sports and other extra curicular programs):

छात्र / छात्राओं का पुस्तकीय शिक्षा के अतिरिक्त सह–शिक्षणेत्तर क्रिया–कलापों में अभिरूचि व प्रतिभा के अनुसार विविध प्रतियोगिताओं में भाग लेना अपेक्षित है। महाविद्यालय में एन.एस.एस. व रेड–रिबन क्लब कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर भी उपलब्ध हैं।

महाविद्यालय में क्रीड़ा की उचित व्यवस्था है। क्रीड़ा सप्ताह मनाये जाने के साथ विभिन्न अन्तर्महाविद्यालयी खेल–कूद कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं। इस संबंध में सूचनाएं महाविद्यालय के सूचना–पट् पर प्रदर्शित की जायेगी। महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा क्रीड़ा समिति का गठन किया गया है, जो क्रीड़ा की व्यवस्था का संचालन करती है किसी भी छात्र/छात्रा को कोई भी क्रीड़ा की सामग्री घर ले जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में अंर्तमहाविद्यालयी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाता है ताकि छात्र/छात्राओं की अंतर्मुखी प्रतिभा को निखरने का एक मंच मिल सके।

**पत्रिका का प्रकाशन (Publication of Magazine):**

महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के रचनात्मक अभिव्यति के लिए महाविद्यालय द्वारा पत्रिका **'पारिजात'** का प्रकाशन किया जाता है, जिसमें छात्र/छात्राओं के लेख तथा महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का विवरण तथा विद्वान प्राध्यापकों एवं शिक्षकों के लेख होते है।

**स्थाई आदेश (Standing Orders):**

1. स्कूटर, मोटर साइकिल तथा साइकिलें महाविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट साइकिल स्टैंड/पार्किंग स्थल पर ही ताला लगाकर रखी जानी चाहिए। किसी भी वाहन को निर्दिष्ट स्थान के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थान पर रखने की अनुमति नहीं है।
2. विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के प्रवेश–पत्र/अंकपत्र उस समय तक नहीं दिये जायेंगे जब तक कालेज का समस्त शुल्क एवं सामग्री व अर्थदण्ड आदि भुगतान न कर दिया गया हो।
3. महाविद्यालय के परिसर में किसी भी प्रकार के अस्त्र–शस्त्रों का लाना, धूम्रपान करना, स्कूटर तथा मोटर साइकिल चलाना पूर्णतः वर्जित है।
4. किसी भी छात्र/छात्रा के अभिभावक अथवा सम्बन्धी जन, प्रधान अनुशासक अथवा प्राचार्य की आज्ञा के बिना कालेज परिसर में उनसे नहीं मिल सकेंगे।
5. इन नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्र एवं छात्राएं अनुशासक मण्डल के निर्णयानुसार दण्ड के भागी होंगे।
6. समय–समय पर महाविद्यालय परिसर में अचानक जांच का कार्य भी किये जाने का प्राविधान है। अतः समस्त छात्र/छात्राओं को निर्देश दिया जाता है कि वे अपना परिचय–पत्र एवं शुल्क रसीद अपने पास अवश्य रखें।
7. विशेष परिस्थितियों के अतिरिक्त विद्यार्थियों को प्राचार्य से महाविद्यालय में ही मिलना चाहिए, निवास स्थान पर नहीं।
8. प्राचार्य ने महाविद्यालय के प्रधान अनुशासक (प्रॉक्टर) को महाविद्यालय परिसर के अन्तर्गत अनुशासन भंग करने वाले छात्र/छात्राओं को दण्ड देने एवं निष्कासन की संस्तुति करने हेतु अधिकृत किया है।
9. बिना पूर्व अनुमति के महाविद्यालय परिसर में सभा करना, ध्वनि विस्तारक यन्त्र का प्रयोग करना तथा महाविद्यालय में अपने साथ उन व्यक्तियों को लाना, जो इस महाविद्यालय के संस्थागत छात्र नहीं है, वर्जित है।
10. दीवारों, दरवाजों आदि पर लेखन कार्य करना, पान तम्बाकू तथा पान मसाला आदि की पीक थूकना, भवन इत्यादि को क्षति पहुंचाना तथा मद्यपान कर महाविद्यालय में आना दण्डनीय अपराध है। ऐसा कोई भी निषेध कार्य करने पर छात्र द्वारा रू 500/– दण्ड शुल्क देय होगा तथा छात्र के विरूद्ध प्रॉक्टर द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
11. अनुशासन भंग करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रॉक्टर प्रत्येक अपराध के लिए कम से कम रु0 50.00 का अर्थदण्ड दे सकते है और यदि वे आवश्यकतानुसार अनुभव करें तो अपराध की गम्भीरता को देखते हुए निष्कासन की संस्तुति भी कर सकते है।
12. लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए आवश्यक है कि वह न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति को पूरा करें अन्यथा विश्वविद्यालय की परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा।

13. प्रवेश हो जाने के बाद महाविद्यालय कार्यालय से सम्बन्धित कक्षा के लिपिक से परिचय पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। कला संकाय के छात्र परिचय पत्र पर प्रभारी कला संकाय डॉ० ओ०पी० पाण्डेय से प्रतिहस्ताक्षरित करायेंगे एवं वाणिज्य संकाय के छात्र परिचय पत्र पर प्रभारी वाणिज्य संकाय डॉ० तारकेश्वर पाण्डेय से प्रतिहस्ताक्षरित करायेंगे।

14. विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार बी.ए./बी.कॉम, प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष के अनुत्तीर्ण/परीक्षा में न बैठने वाले छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय में नियमित छात्र/छात्रा के रूप में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। यदि तथ्य छिपा कर किसी भी छात्र/छात्रा ने प्रवेश लिया, तो संज्ञान में आने पर उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा और नियमानुसार उसके ख़िलाफ कार्यवाही भी की जायेगी।

15. नियमित रूप से अकारण किसी कक्षा के न लगने पर छात्र/छात्राएं प्राचार्य को तत्काल सूचित करें। कक्षाओं के मध्य अवकाश रहने पर समय व्यतीत करने हेतु विद्यालय परिसर में छात्र/छात्राओं के लिये अलग–अलग कॉमन रूप है। कक्षाओं के मध्य अवकाश के समय पुस्तकालय के वाचनालय में भी बैठ सकते है।

**कार्यालय निर्देश (Office Instructions):**

1. कार्यालय का समय प्रातः 09.00 बजे अपरान्ह 04.00 बजे तक छात्र/छात्राओं के लिए है।
2. सभी छात्र/छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय सम्बन्धी अपना कार्य काउण्टर से ही करायेंगे और बिना बुलाए कार्यालय के अन्दर नहीं आयेंगे।
3. चरित्र प्रमाण–पत्र एवं माइग्रेशन प्रपत्र आवेदन करने के तीसरे दिन प्राप्त करेंगे।
4. बी.ए./बी.कॉम प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राएं संबंधित लिपिक द्वारा ही अपना कार्य करेंगे तथा परीक्षा फार्म, छात्रवृत्ति फार्म आदि स्वयं महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें अन्य व्यक्तियों के माध्यम से फार्म जमा कराने पर त्रुटि की सम्भावना है।

**पुस्तकालय सम्बन्धी नियम (Library Rules):**

1. पुस्तकालय में छात्र/छात्राओं को पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए पुस्तकालय कार्ड की व्यवस्था है। जिस कार्ड के द्वारा छात्र/छात्राओं को 15 दिनों के लिए विषयवार पुस्तकें दी जाती हैं।
2. पुस्तकालय में समय पर पुस्तकें न वापस करने पर दण्ड स्वरूप छात्रों से प्रतिदिन एक रुपये लिये जाते हैं। दण्ड कम इस कारण लिया जाता है क्योंकि हमारे निर्धन छात्र भी हैं।
3. पुस्तकें लेते समय छात्र/छात्राओं को चाहिए कि पुस्तकों की भलीभाँति जाँच कर लें। पुस्तकालय में छात्रों द्वारा पुस्तकें नष्ट होने या खो जाने की स्थिति में उसे नयी पुस्तक लाकर देनी होती है।
4. पुस्तकालय में शान्त वातावरण बनाये रखने के लिये जब छात्र पुस्तकालय आता है तो अपने Mobile switch off करके आता है। अध्ययन के अलावा कोई बातचीत न हो, इस कारण पुस्तकालय कर्मी इस बात का स्वयं ध्यान रखते है।
5. हमारे यहाँ पुस्तकालय की website भी है जिसका उपयोग शिक्षकगण करते है जिस पर वो अपने Study Material Question papers तथा अपने प्रतियोगिता से सम्बन्धित अध्ययन सामग्री समय–समय पर उपलब्ध करते है।
6. हमारे यहाँ की पुस्तकालय में सभी विषय की पुस्तकें उपलब्ध है। इसके अलावा सार्वजनिक परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें भी हैं जैसे– प्रतियोगिता दर्पण, योजना (हिन्दी व अंग्रेजी) Competition Success Review तथा अन्य सामग्री है।

7. हिन्दी एवं अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र, रोज़गार समाचार पत्र भी पुस्तकालय वाचनालय में छात्र–छात्राओं के लिए मंगाये जाते है।

8. प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय में प्रवेश पाने के पश्चात् पुस्तकालय में प्रवेश की रसीद की मूलप्रति को दिखाना होगा। प्रवेश लेने के एक माह के अन्दर पुस्तकालय कार्ड बनवाना अनिवार्य है। तत्पश्चात् यथाशीघ्र, उसे पुस्तकालय कार्ड मिल जायेगा।

9. पुस्तकालय से पुस्तकें प्राप्त करने के लिए एक दिन पूर्व मांग–पत्र पुस्तकालय काउण्टर पर भरकर देना होगा। दूसरे दिन पुस्तकें काउण्टर से मिल सकेंगी।

10. छात्र के अनुरोध पर एक महीने पश्चात् उसी पुस्तक को पुनः भी दिया जा सकता है। ऐसा विशेष परिस्थितियों में उस पुस्तक की मांग अन्य छात्र द्वारा न किये जाने पर ही होगी।

11. पुस्तकालय के समस्त नियमों का पालन करना छात्र/छात्राओं के लिए आवश्यक है। छात्र/छात्रा अपना परिचय–पत्र अथवा पुस्तकालय कार्ड जमाकर वाचनालय में पढ़ने के लिए पत्रिकाएं तथा पुस्तकें ले सकते है।

12. पुस्तकालय में पुस्तकें प्राप्त करनें में अनुभव होने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों के निराकरण हेतु पुस्तकालय समिति के प्रभारी से सम्पर्क करें।

13. प्रत्येक पुस्तक जो पुस्तकालय कार्ड पर पठन हेतु प्रदान की जायेगी उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व कार्ड धारक पर होगा।

**नोटः प्रवेश रसीद, परिचय पत्र एवं पुस्तकालय कार्ड की मूल प्रति खो जाने की दशा में महाविद्यालय कार्यालय में रु0 20/– का शुल्क नगद जमा कर दूसरी प्रति प्राप्त की जा सकती है।**

# महाविद्यालय की प्रशासनिक समितियां
## College Administrative Committees

1– **महाविद्यालय विकास समिति–**

**College Development Committee**

प्रभारी– डॉ0 ओम प्रकाश पाण्डेय
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 तारकेश्वर पाण्डेय
सदस्य 2– श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह
3– डॉ0 के0एम0 गोस्वामी
4– डॉ0 अनुपमा सिंह

2– **अनुशासन समिति–**

**Discipline Committee**

प्रभारी– डॉ0 ओमप्रकाश पाण्डेय
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 तारकेश्वर पाण्डेय
सदस्य 2– डॉ0 आशा पाल
3– डॉ0 ज्ञान प्रकाश
4– श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह
5– डॉ0 पूनम उत्तम
6– डॉ0 के0 एम0 गोस्वामी
7– डॉ0 संगीता लाल

3– **प्रवेश समिति–(कला)**

**Admission Committee (Art)**

प्रभारी– डॉ0 ओम प्रकाश पाण्डेय
सह–प्रभारी– 1– डॉ० शशि शेखर मिश्रा
सदस्य 2– डॉ० सुनील माथुर
3– मो0 सुल्तान कमर
4– श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह
5– डॉ० पूनम उत्तम
6– श्री उपेन्द्र कुमार
7– डॉ0 आशा पाल

4– **प्रवेश समिति–(वाणिज्य)**

**Addmission Committee (Commarce)**

प्रभारी– डॉ0 तारकेश्वर पाण्डेय
सह–प्रभारी– 1– डॉ० ज्ञान प्रकाश
सदस्य 2– डॉ० के०एम० गोस्वामी
3– डॉ० अनुपमा सिंह

5– **सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति–**

**Cultural Program Committee**

प्रभारी– डॉ0 पूनम उत्तम
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 तारकेश्वर पाण्डेय
सदस्य 2– डॉ0 कल्पना पाण्डेय
3– श्री उपेन्द्र कुमार
4– डॉ0 आशा पाल

6– **क्रीडा समिति–**

**Sports Committee**

प्रभारी– डॉ0 सुनील माथुर
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 सादिया
सदस्य 2– डॉ० शशि शेखर मिश्रा
3– डॉ0 जागेश्वर प्रसाद सिंह
4– डॉ0 अखिलेश कुमार
5– डॉ0 पूनम उत्तम
6– डॉ0 के० एम० गोस्वामी
7– डॉ0 ज्ञान प्रकाश

7– **पुस्तकालय समिति–**

**Library Committee**

प्रभारी– डॉ0 ज्ञान प्रकाश
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 पूनम उत्तम
सदस्य 2– कु0 कल्पना पाण्डेय
3– श्री उपेन्द्र कुमार

4– डॉ0 संगीता लाल

8– **अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रवृत्ति समिति–**
**SC/ST Scholarship Committee**
प्रभारी– श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 ज्ञान प्रकाश
सदस्य 2– श्री उपेन्द्र कुमार

9– **ऐण्टी रैगिंग प्रकोष्ठ–**
**Anti-Ragging Cell**
प्रभारी– डॉ0 ओम प्रकाश पाण्डेय
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 अखिलेश कुमार
सदस्य 2– डॉ0 तारकेश्वर पाण्डेय
3– श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह

10– **परीक्षा समिति–**
**Examination Committee**
प्रभारी– डॉ0 ओम प्रकाश पाण्डेय
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 एम0एस0 उपाध्याय
सदस्य 2– डॉ0 ज्ञान प्रकाश
3– श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह
4– डॉ0 आशा पाल

11– **पत्रिका समिति–**
**Magazine Committee**
प्रभारी– डा0 तारकेश्वर पाण्डेय
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 सादिया
2– मो0 सुल्तान कमर
सदस्य 3– श्री उपेन्द्र कुमार
4– डॉ0 अनुपमा सिंह
5– डॉ0 के० एम० गोस्वामी

12– **महिला प्रकोष्ठ (आन्तरिक शिकायत समिति) –**
**Women Cell (Internal Complaints Committee)**
प्रभारी– डॉ0 पूनम उत्तम
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 सादिया
सदस्य 2– डॉ0 संगीता लाल

13– **छात्र–छात्रा शिकायत निवारण प्रकोष्ठ –**
**Student Grievance Redressal Cell**
प्रभारी– डॉ0 के0एम0 गोस्वामी
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 सादिया
सदस्य 2– श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह
3– डॉ0 पूनम उत्तम

14– **कैरियर काउन्सलिंग प्लेसमेण्ट सेल–**
**Careeer Counselling Placement Cell**
प्रभारी– डॉ0 अखिलेश कुमार
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 एस0एस0 मिश्रा
सदस्य 2– डॉ0 ज्ञान प्रकाश
3– कु0 कल्पना पाण्डेय

15– **सामान्य (निर्धन/पिछड़ा) वर्ग छात्रवृत्ति समिति–**
**General (Poor/Backward) Class Scholarship Committee**
प्रभारी– डॉ0 एस0एस0 मिश्रा
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 सुनील माथुर
सदस्य 2– मो0 सुल्तान कमर
3– डॉ0 आशा पाल

16– **पुरातन विद्यार्थी परिषद–**
**Alumini Council**
प्रभारी– श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह
सह–प्रभारी– 1– डॉ0 तारकेश्वर पाण्डेय
सदस्य 2– डॉ0 के०एम० गोस्वामी
3– श्री उपेन्द्र कुमार
4– सुश्री ऋतु सिंह (पुस्तकालय प्रभारी)
5– श्री बाल भास्कर (लिपिक)

# महाविद्यालय प्रबन्ध समिति
## College Management Committee

**अध्यक्ष :श्रीमती संयुक्ता भाटिया,**
माननीय महापौर (पदेन)

**प्रबन्धक : श्री अजय कुमार द्विवेदी,**
आई०ए०एस० नगर आयुक्त (पदेन)

**सहप्रबन्धक : डॉ० अर्चना द्विवेदी,**
पी०सी०एस० अपर नगर आयुक्त (पदेन)

**सदस्य : डॉ० सुभाष चन्द्र पाण्डेय,**
प्रचार्य (पदेन)

# महाविद्यालय का अध्यापक परिवार
## Faculty of Teachers

**प्राचार्य :डॉ० सुभाष चन्द्र पाण्डेय,**
एम०काम०, एम०ए० (अर्थशास्त्र), एम०फिल०, पी०एच०डी०

### कला संकाय (Faculty of Arts)

**डॉ० ओम प्रकाश पाण्डेय,**
प्रभारी कला संकाय,
एम०ए०, यू०जी०सी० नेट पी०एच०डी० (इतिहास विभाग)

**डॉ० माताशरण उपाध्याय,**
एम०ए०, यू०जी०सी० नेट पी०एच०डी० (अर्थशास्त्र विभाग)

**डॉ० सादिया,**
एम०ए०, पी०एच०डी० (उर्दू विभाग)

**डॉ० अखिलेश कुमार,**
एम०ए०, पी०एच०डी० (प्रा० भा० इतिहास विभाग)

**डॉ० शशि शेखर मिश्र,**
एम०एस०सी०,एम०एड०, पी०एच०डी० (शिक्षा शास्त्र विभाग)

**डॉ० सुनील माथुर,**
एम०ए०, यू०जी०सी० नेट, जे०आर०एफ०, पी०एच०डी० (अरब कल्चर विभाग)

**मो० सुल्तान कमर,**
एम०ए०, एम०फिल० (अंग्रेजी विभाग)

**श्री जागेश्वर प्रसाद सिंह,**
एम०ए०, एम०फिल०, यू०जी०सी० नेट (इतिहास विभाग)

**डॉ० पूनम उत्तम,**
एम०ए०, पी०एच०डी० (राजनीति विज्ञान विभाग)

**कु० कल्पना पाण्डेय,**
एम०ए०, एम०फिल०, यू०जी०सी० नेट (अंग्रेजी विभाग)

**श्री उपेन्द्र कुमार,**
एम०ए०, यू०जी०सी० नेट (हिन्दी विभाग)

**डॉ० आशा पाल,**
एम०ए०, पी०एच०डी० (शिक्षा शास्त्र विभाग)

**डॉ० महेन्द्र सिंह,**
एम०ए०, पी०एच०डी० (प्रा० भा० इतिहस विभाग) अवकाश पर

**डॉ० अनुपमा सिंह,**
एम०ए०, पी०एच०डी० (राजनीति विज्ञान विभाग)

**डॉ० संगीता लाल,**
एम०ए०, एम०फिल०, पी०एच०डी० (हिन्दी विभाग)

### वाणिज्य संकाय (Faculty of Commerce)

**डॉ० तारकेश्वर पाण्डेय,**
प्रभारी वाणिज्य संकाय, एम०काम०, पी०एच०डी०

**डॉ० ज्ञान प्रकाश,**
एम०काम०, पी०एच०डी०

**डॉ० के०एम० गोस्वामी,**
एम०काम०, पी०एच०डी०












चौरी-चौरा शताब्दी समारोह




स्वच्छ भारत मिशन
स्वच्छता महारैली-202
नगर निगम, लखनऊ
दिनांक 10 फरवरी, 2021

मूल्य:200/–रु मात्र


















# अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज

सुरेन्द्र नगर, (इस्माइलगंज) लखनऊ

**(लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ से सहयुक्त महाविद्यालय)**